दिन—रविवार दिनांक— 02 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— केन्द्रीय बजट में महिला सशक्तिकरण सहित सभी वर्गों के विकास पर ध्यान दिया गया है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के चौथे चरण में बांका में तीन सौ तिरेसठ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

03. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा— नृत्य, संगीत और अभिनय की विभिन्न कला—शैलियों के प्रशिक्षण के लिए अररिया, सिवान, शेखपुरा और नवादा में अटल कला भवन की स्थापना की जायेगी।

04. और, राज्य में अब तक चार करोड़ तीस लाख आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बन चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा— बिहार हेल्थ अकाउंट बनाने वाले शीर्ष राज्यों में शामिल।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय बजट को भारत की प्रगति के लिए परिवर्तनकारी बताया है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में विधानसभा चुनाव से जुड़ी एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत की यात्रा को गति देने में यह बजट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में बारह लाख रूपये तक की आय पर कोई टैक्स का प्रबंध नही करके सरकार ने लोगों को बहुत बड़ी राहत दी है।

———बाईट———

श्री मोदी ने कांग्रेस और राजद पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने दशकों तक बिहार के लोगों का दमन किया है। उन्होंने कहा कि आज एनडीए सरकार इस क्षेत्र के लोगों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

———बाईट———

———————————————————————————

केंद्रीय बजट को विभिन्न क्षेत्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। व्यापार, उद्योग विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री और आम लोगों ने मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देने, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के सरकार के प्रस्तावों की सराहना की है। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस सेट्टी ने कहा कि बजट ने भारत को एक नवाचार और ज्ञान–केंद्रित अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत करते हुए भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ–फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा कि बजट प्रस्तावों से मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी और सभी क्षेत्रों में मांग में सुधार होने से निजी क्षेत्र कि निवेश योजनाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

———————————————————————————

केंद्रीय बजट में मखाना बोर्ड के गठन की पहल का बिहार के मखाना उत्पादक किसानों ने स्वागत किया है। राज्य में दस से अधिक जिले मखाना उत्पादक श्रेणी में आते हैं। मिथिलांचल का क्षेत्र इसमें अग्रणी है। सुपर फूड की श्रेणी में शामिल मखाना का देश में मुख्य उत्पादक बिहार है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में किसानों ने कहा है कि मखाना बोर्ड के गठन से इसकी कीमतों के नियंत्रण और उत्पादन बढाने में मदद मिलेगी।

———बाइट———

कृषि वैज्ञानिकों ने भी कहा है कि मखाना बोर्ड के गठन से किसानों को तकनीकी मदद मिलेगी। इसके निर्यात और प्रसंस्करण में अच्छी तकनीक आयेगी। वरिष्ठ वैज्ञानिक श्याम नारायण झा ने कहा कि इस पहल से मखाना का मूल्य संवर्धन होगा।

———बाइट———

वहीं, वरिष्ठ वैज्ञानिक मनोज कुमार ने कहा है कि मखाना बोर्ड गठित होने से राज्य में इसके व्यापार को एक संगठित स्वरूप मिलेगा।

———बाईट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के चौथे चरण में आज बांका में तीन सौ तिरेसठ करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ सत्तर से अधिक योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रजौन प्रखंड के नवादा खरौनी पंचायत स्थित प्रदेश के पहले स्मार्ट गांव बाबरचक की सौगात जिलावासियों को दी। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

इस गांव में प्रत्येक घर तक पक्की सड़क और नाली, सभी घरों में नल के जल से जलापूर्ति, हर घर बिजली का स्मार्ट मीटर और एकीकृत दस किलोवाट सोलर पैनल से सभी गलियों में लाईट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही गांव में आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय, सामुदायिक शौचालय, सीढ़ीनुमा तालाब और ग्रामीण हाट के अलावा खेल के मैदान का भी निर्माण कराया गया है। बांका से आकाशवाणी समाचार के लिए बिदु शेखर।

मुख्यमंत्री ने बांका में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निर्माण के लिए चिन्हित भूमि का भी निरीक्षण किया। श्री कुमार ने कहा कि बांका–अमरपुर राज उच्चपथ–पच्चीस का चौड़ीकरण भी किया जायेगा। इससे भागलपुर और बांका के बीच बेहतर सड़क संपर्क स्थापित होगा।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि नृत्य, संगीत और अभिनय की विभिन्न कला–शैलियों का प्रशिक्षण देने के लिए राज्य के चार जिलों– अररिया, सिवान, शेखपुरा और नवादा में अटल कला भवन की स्थापना की जायेगी। श्री चौधरी ने आज पटना में कहा कि इसके लिए अठहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की गई है।

---

अब खबरे महाकुंभ से–

———म्यूजिक———

बसंत पंचमी पर तीसरे अमृत स्नान के पर्व पर रेलवे, प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से चार सौ महाकुंभ विशेष रेलगाडियां चलायेगा। इससे लाखों श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को सुव्यवस्थित और सुलभ बनाया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि तीसरा अमृत स्नान कल होगा।

———बाईट———

रेलवे ने बसंत पंचमी पर अमृत स्नान के दौरान, श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए व्यापक प्रबंध किए हैं। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए, उत्तर मध्य रेलवे के, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिये, रेलवे ने व्यापक प्रबंध किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रयागराज जंक्शन और आठ अन्य रेलवे स्टेशनों पर चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ से लेस कुल 34 मेडिकल बूथ बनाये गये है। 34 हमारे मेडिकल बूथ है जो प्लेटफार्म पर और यात्री आश्रय शेड पर उपलब्ध है जो कि यात्रियों को प्राथमिक उपचार देने में सक्षम है, मतलब उनमें हमारे डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ और फर्स्ट एड की जो किट है वह अवेलेबल होती है। इसके अलावा, रेलवे ने कई होल्डिंग एरिया स्थापित किया है ताकि स्टेशन पर ज्यादा भीड़ ना हो और यात्री अपने गंतव्य स्थान पर जाने से पहले, प्रतीक्षा कर सके। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचाऱ प्रयागराज।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन में बिहार ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। श्री पांडेय ने आज पटना में आयोजित आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन बिहार कॉन्क्लेव को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य में चार करोड़ तीस लाख आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बन चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार आयुष्मान आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाने वाले शीर्ष राज्यों में शामिल हो गया है।

———बाइट———

उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत लागू होने से लोगों के इलाज पर इस कार्यक्रम के तहत बाईस सौ करोड़ रुपये खर्च हुए है। ये पैसे गरीबों के बचे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार टीकाकरण में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल है क्योंकि सरकार सेवा भावना से काम कर रही है।

---

श्री पांडेय ने बताया कि बिहार में पांच हजार से अधिक बेड के साथ विश्व का सबसे बड़ा दूसरा अस्पताल पटना में बन रहा है। इसके पहले चरण का उदघाटन इसी वर्ष होगा।

–––बाइट–––

---

प्रादेशिक समाचार एकांश पटना की ओर से अब से थोड़ी देर बाद रात्रि आठ बज कर पन्द्रह मिनट पर केन्द्रीय बजट दो हजार पच्चीस छब्बीस पर विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जायेगा।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लालू परिवार पर बिहार के विकास को अवरूद्ध करने का आरोप लगाया है। श्री चौधरी आज पटना में राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री बाबू जगदेव प्रसाद की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– केन्द्रीय बजट में महिला सशक्तिकरण सहित सभी वर्गो के विकास पर ध्यान दिया गया है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के चौथे चरण में बांका में तीन सौ तिरेसठ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

03. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– नृत्य, संगीत और अभिनय की विभिन्न कला–शैलियों के प्रशिक्षण के लिए अररिया, सिवान, शेखपुरा और नवादा में अटल कला भवन की स्थापना की जायेगी।

04. और, राज्य में अब तक चार करोड़ तीस लाख आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बन चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– बिहार हेल्थ अकाउंट बनाने वाले शीर्ष राज्यों में शामिल।

---

समाप्त